**Fourteenth Loksabha**

**Session : 7**
**Date : 20-02-2006**

**Participants : Argal Shri Ashok**

>

Title : Need to upgrade Gwalior-Sheopurkalan railway section and extend it upto Kota city in Rajasthan.

**श्री अशोक अर्गल (मुरैना) :** महोदय, उत्तर मध्य रेलवे की नैरोगेज लाइन ग्वालियर से श्योपुर कला, जो कि चंबल अंचल की प्रमुख रेल लाइन है, तथा ग्रामीण क्षेत्रों से गुजरती है। आज देश कम्प्यूटराइज जमाने में है परन्तु उक्त लाइन पर आज भी ट्रेन 25 कि0मी0 प्रति घंटा की स्पीड से चल रही है। मेरा केन्द्र सरकार से अनुरोध है कि उक्त ट्रैक का गेज परिवर्तन कर राजस्थान के कोटा शहर से जोड़ दिया जाये, जिसका सर्वे रेलवे द्वारा कराया गया है।